**सं.: ICMR-NIREH/Estt/Assistant/01/2026** **Date: 17.09.2026**

# रिक्ति परिपत्र

आईसीएमआर राष्ट्रीय पर्यावरणीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (ICMR-NIREH), भोपाल ICMR भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन, द्वारा केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम के पात्र कर्मचारियों से प्रतिनियुक्ति (Deputation) के आधार पर **सहायक/Assistant (Group-B)** के **02 (दो)** पदों को भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त पदों पर नियुक्ति प्रारंभतः दो वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर की जाएगी तथा तत्पश्चात सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन एवं प्रशासनिक आवश्यकता के आधार पर अवधि को बढ़ाया जा सकेगा।

## रिक्तियों का विवरण:

| पद | 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन स्तर | पदों की संख्या | पदस्थापना का स्थान |
|---|---|---|---|
| सहायक | वेतन स्तर-6<br>(35,400-1,12,400) | 02 | ICMR-NIREH, भोपाल |

## सहायक के पद हेतु पात्रता शर्तें:

(i) केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (PSU) के अधिकारी/कर्मचारी;

(ii) नियमित आधार पर समान पद (Analogous Post) धारण करते हों तथा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में न्यूनतम तीन वर्षीय स्नातक डिग्री धारित करते हों और कंप्यूटर (MS Office/PowerPoint) का कार्यसाधक ज्ञान रखते हों;

**अथवा**

लेवल-4 (₹25,500–81,100) में उच्च श्रेणी लिपिक (Upper Division Clerk) के पद पर 10 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण की हो तथा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में न्यूनतम तीन वर्षीय स्नातक डिग्री धारित करते हों और कंप्यूटर (MS Office/PowerPoint) का कार्यसाधक ज्ञान रखते हों।

(iii) आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को अभ्यर्थी की आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**नोट:**

(i) एसीपी/एमएसीपी के अंतर्गत प्रदान किया गया वेतन स्तर अधिकारी के लिए व्यक्तिगत होता है और अतः पात्रता निर्धारित करने हेतु इसे ध्यान में नहीं रखा जाएगा।

(ii) विभागीय अधिकारी/कर्मचारी (ICMR कर्मचारी) प्रतिनियुक्ति हेतु पात्र नहीं होंगे तथा इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी पदोन्नति हेतु पात्र नहीं होंगे।

(iii) उक्त पद आईसीएमआर-एनआईआरईएच, भोपाल के लिए हैं। तथापि, उपर्युक्त पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा कहीं भी पदस्थापित किया जा सकता है।

(iv) दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या प्रशासनिक आवश्यकता एवं सक्षम प्राधिकारी के निर्णय के आधार पर परिवर्तनीय है।

(v) आयु सीमा/पात्रता तथा न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताओं के निर्धारण हेतु आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को आधार माना जाएगा।

**<u>आवेदन कैसे करें:</u>**

1. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में, जो कि अनुलग्नक-1/Annexure-1 में दिया गया है, उचित माध्यम (Proper Channel) से अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

2. संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी (Cadre Controlling Authority) आवेदन को सभी प्रकार से पूर्ण करते हुए निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेजों सहित अग्रेषित करेगा:
   i. अनुलग्नक-1/Annexure-1 अनुसार आवेदन प्रपत्र
   ii. अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC)
   iii. केडर क्लियरेंस
   iv. सतर्कता निकासी
   v. सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र
   vi. पिछले 5 वर्षों की APARs की सत्यापित प्रतिलिपि
   vii. पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई मेजर/माइनर पेनल्टी का विवरण, यदि कोई हो।
   viii. आवेदक की विधिवत सत्यापित सेवा संबंधी विवरण।
   ix. शैक्षणिक योग्यताओं एवं संबंधित अनुभव प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित प्रतियां।

3. आवश्यक योग्यताएं/अनुभव रखने वाले पात्र आवेदक का सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन, उपर्युक्त आवश्यक दस्तावेजों सहित, इस रिक्ति परिपत्र के रोजगार समाचार (Employment News) में प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर उचित माध्यम से "**निदेशक, आईसीएमआर राष्ट्रीय पर्यावरणीय स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (ICMR-NIREH), भोपाल बायपास रोड, भौरी, भोपाल – 462030, मध्य प्रदेश**" पर भेज सकते है। आवेदन वाले लिफाफे पर स्पष्ट रूप से "**आईसीएमआर-एनआईआरईएच, भोपाल में सहायक (प्रतिनियुक्ति पर) के पद हेतु आवेदन**" अंकित किया जाना चाहिए।

4. निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन, अपूर्ण आवेदन अथवा उचित माध्यम से प्राप्त न हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. आवेदन की अग्रिम प्रति (Advance Copy) अभ्यर्थी द्वारा सीधे भी भेजी जा सकती है; तथापि, ऐसे आवेदनों पर तभी विचार किया जाएगा जब संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा आवश्यक कैडर क्लीयरेंस/NOC तथा अन्य निर्धारित क्लीयरेंस के साथ आवेदन उचित माध्यम से प्राप्त हो जाए।

**<u>सामान्य शर्तें:</u>**

1. शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार (ऑनलाइन/ऑफलाइन) हेतु आईसीएमआर-एनआईआरईएच, भोपाल में बुलाया जाएगा, जिसकी तिथि एवं समय की सूचना बाद में दी जाएगी। साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में सम्मिलित होने हेतु किसी भी प्रकार का टीए/डीए अथवा आवास की सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

2. भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT)/ICMR द्वारा समय-समय पर जारी प्रतिनियुक्ति पर वेतन तथा अन्य नियम एवं शर्तों संबंधी निर्देश लागू होंगे।

3. प्रतिनियुक्ति की अवधि प्रारंभतः दो (02) वर्ष की होगी, जिसे प्रशासनिक आवश्यकताओं के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से आगे बढ़ाया जा सकता है। तथापि, आईसीएमआर-एनआईआरईएच, भोपाल को संस्थान की कार्यात्मक एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के आधार पर निर्धारित अथवा विस्तारित कार्यकाल की समाप्ति से पूर्व किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए, प्रतिनियुक्ति समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

4. अन्य पात्रता मानदंड एवं शर्तें लागू आईसीएमआर भर्ती नियमों तथा DoPT द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार विनियमित होंगी।

5. पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारियों के मामले में उनके आवेदन मूल संवर्ग/विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, सतर्कता क्लीयरेंस एवं सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र सहित अग्रेषित किए जाने चाहिए।

6. किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश अयोग्यता मानी जाएगी।

7. यदि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत कोई सूचना अथवा की गई कोई घोषणा असत्य पाई जाती है अथवा अभ्यर्थी द्वारा नियुक्ति से संबंधित किसी महत्वपूर्ण तथ्य को जानबूझकर छिपाया गया है, तो उसकी अभ्यर्थिता/नियुक्ति निरस्त/समाप्त की जा सकती है तथा नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उचित समझी जाने वाली कार्रवाई की जाएगी।

8. अभ्यर्थी को किसी भी न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध नहीं किया गया होना चाहिए।

9. केवल पात्रता शर्तों को पूरा करने मात्र से अभ्यर्थी को चयन का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। सक्षम प्राधिकारी को निर्धारित पात्रता शर्तों एवं पद की आवश्यकताओं के आधार पर अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने का अधिकार होगा।

10. सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए इस रिक्ति परिपत्र को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से रद्द या वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

11. रिक्ति परिपत्र में किसी भी प्रकार का शुद्धिपत्र/परिशिष्ट अथवा संशोधन या इस भर्ती से संबंधित अन्य कोई सूचना केवल आईसीएमआर-एनआईआरईएच (https://www.nireh.icmr.org.in) और/या आईसीएमआर (https://www.icmr.gov.in) की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी अद्यतन सूचना के लिए आईसीएमआर-एनआईआरईएच एवं आईसीएमआर की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

12. पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति/अस्वीकृति, शॉर्टलिस्टिंग, साक्षात्कार एवं चयन से संबंधित सभी मामलों में आईसीएमआर-एनआईआरईएच के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

13. इस भर्ती/चयन प्रक्रिया के संबंध में उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

14. इस रिक्ति परिपत्र के हिन्दी संस्करण में कोई विसंगति पाये जाने पर अँग्रेजी संस्करण में दी गई अर्थवस्तु मान्य होगी।

-निदेशक
आईसीएमआर-एनआईआरईएच, भोपाल

प्रतिलिपि:

1. श्रीमति रीमा शर्मा, सहायक महानिदेशक (प्रशासन), आईसीएमआर मुख्यालय, नई दिल्ली
2. आईसीएमआर-एनआईआरईएच एवं आईसीएमआर  मुख्यालय की वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु